दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 05 जुलाई 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 275

## उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री बने पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने दिलाई शपथ




**देहरादून (आरएनएस)।** खटीमा से भाजपा के विधायक पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। धामी उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री बने। देहरादून स्थित राजभवन पर राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। वहीं इस दौरान भाजपा विधायक सतपाल महाराज, हरक सिंह रावत, बंसीधर भगत और यशपाल आर्य ने नए राज्य मंत्रिमंडल में मंत्रियों के रूप में शपथ ली।

इससे पहले उत्तराखंड में नामित किए गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले रविवार को अपना ज्यादातर समय अपनी पार्टी के असंतुष्ट नेताओं को मनाने में बिताया। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री रह चुके सतपाल महाराज और हरक सिंह रावत जैसे कुछ नेता पार्टी आलाकमान से शनिवार से नाराज हैं। पार्टी मामलों के प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम प्रदेश पार्टी अध्यक्ष मदन कौशिक के साथ यमुना कॉलोनी स्थित उनके आवास में नेताओं की नाराजगी दूर करने के प्रयास में लगे रहे जिससे शपथ ग्रहण समारोह में कोई विघ्न न आए।

हालांकि उत्तराखंड भाजपा में पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री चुने जाने को लेकर बगावत की खबरों के बीच मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं समेत कई नेताओं ने किसी भी तरह के कलह से इनकार किया। तीरथ सिंह रावत की सरकार में मंत्री हरक सिंह रावत, यशपाल आर्य और बिशन सिंह चुपल ने कहा, कोई अंदरूनी कलह नहीं है और शाम को धामी कैबिनेट का शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अनुसार होगा।

देहरादून में सुबह से ही जोरदार अफवाह चल रही थी कि धामी के चयन से नाखुश वरिष्ठ नेता और मंत्री सतपाल महाराज और हरक सिंह रावत दिल्ली पहुंच गए हैं। हरक सिंह रावत ने स्पष्ट किया कि वह देहरादून में हैं और पार्टी नेतृत्व के साथ हैं। हरक सिंह रावत ने कहा, मैं देहरादून में हूं और यहां सबके साथ बैठा हूं। केंद्रीय नेतृत्व के लिए समय मांगने के लिए दिल्ली में मेरी मौजूदगी की सभी खबरें निराधार और अफवाहें हैं। धामी भी खुद सतपाल महाराज से मिले और उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने महाराज को मना लिया है। हालांकि, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि पार्टी में कोई नाराज नहीं है और सब लोग पार्टी के निर्णय के साथ एकजुट होकर खड़े हैं।

## यूपी के पूर्व सीएम की तबीयत बिगड़ी, लखनऊ के आरएमएल अस्पताल में भर्ती



### » हालचाल जानने पहुंचे योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें बेचैनी के बाद बीती देर रात डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। उनके शरीर मे सूजन शिकायत है। संस्थान में मेडिसिन विभाग के डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। संस्थान के प्रवक्ता डॉक्टर श्रीकेश सिंह के अनुसार उनकी तबीयत स्थिर है। पिछले सप्ताह भी उनको लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया था। संस्थान में हुई जांच में यूरिया व क्रिएटिनिन बढ़ा है। गौरतलब है कि कल्याण सिंह यूपी के मुख्यमंत्री के साथ ही राजस्थान के राज्यपाल भी रह चुके हैं। उधर कल्याण सिंह की तबीयत बिगड़ने की सूचना पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनसे मिलने लोहिया संस्थान पहुंचे। वहां उन्होंने कल्याण सिंह का हाल-चाल जाना और डॉक्टरों से भी बात की। जानकारी के मुताबिक डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है। जल्द ही उनका हेल्थ बुलेटिन भी जारी किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की हुई मौत

**जौनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर कोतवाली क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मृत्यु हो गयी । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिंगरामऊ क्षेत्र के कारीगर पुर गांव निवासी 22 वर्षीय रवि रजक को शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे जहरीले सांप ने डस लिया ,जिसे 22 वर्षीय सचिन यादव और 21 वर्षीय विकास रजक बदलापुर इलाके के हरिहरपुर उपचार के लिए लेकर जा रहे थे कि । बदलापुर क्षेत्र में पूरा मुकुंद गांव के पास लिंक मार्ग से राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़ते समय तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी ,जिससे सचिन यादव की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि विकास रजक की जिला अस्पताल ले जाते ही रास्ते में मृत्यु हुई। रवि रजक की वाराणसी के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी । पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है।

### यूपी में नौ नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**लखनऊ (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने नौ नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे। आयोजन की अंतिम तिथि अभी तय नहीं हुई है। नए मेडिकल कॉलेज देवरिया, एटा, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, जौनपुर, मिजार्पुर, प्रतापगढ़ और सिद्धार्थ नगर जिलों में हैं। उन्होंने कहा कि कुल 450 से ज्यादा संकाय सदस्यों में से लगभग 70 प्रतिशत को पूरी पारदर्शिता के साथ पहले ही भर्ती किया जा चुका है। राज्य सरकार ने बयान में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक साथ नौ नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे। यूपी के इतिहास में यह पहली बार है कि इतनी बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन एक साथ किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने यूएसए के लोगों को उनके 245वें स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति, महामहिम जो बाइडेन और अमेरिका के लोगों को उनके 245वें स्वतंत्रता दिवस पर बधाई दी है। एक ट्वीट में, प्रधान मंत्री ने कहा , संयुक्त राज्य अमेरिका के लोगों को उनके 245वें स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। जीवंत लोकतंत्र के रूप में, भारत और यूएसए स्वतंत्रता के मूल्यों को साझा करते हैं। हमारी रणनीतिक साझेदारी का वास्तव में वैश्विक महत्व है।

### मुजफ्फरनगर में दो महिलाओं ने की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना व ककरोली इलाके में दो महिलाओं ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली घटना बुढाना क्षेत्र के बसी खुर्द निवासी रामकिशन की पत्नी सुमन उर्फ बबली ने फांसी लगा ली,जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर के मौहल्ला सिविल लाइन निवासी सुमन उर्फ बब्ली का विवाह कुछ वर्ष पूर्व हुआ था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि पति-पत्नी के कलह चल रहा था। इस बीच सुमन के मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सुमन के पति रामकिशन,सास ओमो व ससुर राजेन्द्र आदि के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच पडताल की जा रही है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिलासपुर पहुंचे, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**शिमला (आरएनएस)।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनका स्वागत किया। बिलासपुर पहुंचने के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने बताया कि जे.पी.नड्डा का ये व्यक्तिगत दौरा है। यहां के बाद इनका मनाली, कुल्लू जाने का कार्यक्रम है और कुल्लू में 6 जुलाई को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर वे उन्हें श्रद्धांजलि देंगे और वृक्षारोपण करेंगे ।

## इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर साढ़े सात करोड़ का हेरोइन का कूरियर पार्सल जब्त



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआईए) पर एक अफ्रीकी पते से दिल्ली-एनसीआर जाने वाले एक कूरियर पार्सल को जब्त कर लिया गया है। उस पार्सल में बेंगल और एक फोल्डर में छिपाकर 7.5 करोड़ रुपये मूल्य की 1.20 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। एजेंसी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत सीमा शुल्क (निवारक) दिल्ली की एक टीम ने एक खुफिया रिपोर्ट के आधार पर आईजीआईए में एक नए कूरियर टर्मिनल पर अवैध खेप को जब्त कर लिया।

सीमा शुल्क ने एक बयान में कहा, ये खेप दिल्ली-एनसीआर में एक अफ्रीकी पते से आई थी जिसे गंतव्य वाले पते पर भेजी जानी थी।

जांच करने पर, एजेंसी ने कहा, हेरोइन की बरामद खेप को बहुत परिष्कृत तरीके से बेंगल और एक फोल्डर में छुपाया गया था। एक बयान में कहा गया, हमने 2 जुलाई को आईजीआई हवाई अड्डे पर एक कूरियर से 7.5 करोड़ रुपये मूल्य की 1.20 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी जांच जारी है और अनुवर्ती कार्रवाई जारी है।

## मौत के 75 दिन बाद कोविड मरीज के शव का हुआ अंतिम संस्कार



**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एलएलआरएमएमसी) में 75 दिनों से अधिक समय से एक कोविड पीड़ित का शव मुर्दाघर में पड़ा मिला है, क्योंकि उसकी पत्नी 15,000 रुपये का भुगतान नहीं कर पाई थी। पीड़ित 29 वर्षीय नरेश की 15 अप्रैल को कोविड से मौत हो गई थी।

उसकी पत्नी गुड़िया अपने पति का शव लेने बस्ती जिले से आई थी, लेकिन कथित तौर पर उसे 15,000 रुपये देने के लिए कहा गया था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, डॉक्टरों ने 15,000 रुपये मांगे, लेकिन मेरे पास पैसे नहीं थे। उन्होंने कहा कि वे शव का अंतिम संस्कार करेंगे।

इस बीच अस्पताल ने आरोपों से इनकार किया है। अस्पताल में शवों के निस्तारण की देखरेख करने वाले डॉ विदित दीक्षित ने कहा, मरीज के साथ उसका भाई विजय भी था। जब 15 अप्रैल को मरीज की मौत हुई, तो हमने उस नंबर पर कॉल किया जो विजय ने हमें दिया था। वह बंद था। यह आरोप कि पैसे की मांग की गई थी, झूठा है। हमारे पास यहां पर्याप्त जगह नहीं थी इसलिए हम शव को हापुड़ ले गए जब कोई दावा करने के लिए आगे नहीं आया।

मेरठ के जिलाधिकारी के.बालाजी ने कहा कि उन्होंने आरोपों पर एक जांच बिठाई है।

हापुड़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख डॉ दिनेश खत्री ने कहा कि वे तब से परिवार का पता लगाने की कोशिश कर रहे थे।

हापुड़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सूचित किया गया कि किसी ने भी शव पर दावा नहीं किया है। इसे यहां लाया गया और जीएस कॉलेज के मुर्दाघर में रखा गया। उसके बाद, हमने परिवार का पता लगाने की कोशिश की। बाद में, हमने पुलिस से मदद मांगी और जो फोन नंबर दिया गया था, उसे निगरानी में रखा गया था। अंत में, गुड़िया का पता लगाया गया और उसे हापुड़ बुलाया गया जहां दो दिन पहले उसकी उपस्थिति में उस व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया गया।

## 22 जुलाई से मानसून सत्र खत्म होने तक संसद के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे किसान

### » संयुक्त किसान मोर्चा का बड़ा ऐलान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संयुक्त किसान मोर्चा ने आज घोषणा की कि मानसून सत्र के दौरान लगभग 200 किसानों का एक समूह हर दिन संसद के सामने केंद्र के तीन कृषि कानूनों का विरोध करेगा। आज सिंघू बार्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक के बाद किसान आंदोलन के नेताओं ने आने वाले दिनों में अपने संघर्ष को तेज करने के लिए कई फैसलों की घोषणा की। एसकेएम ने फैसला लिया है कि वो मानसून सत्र में किसानों के आंदोलन के समर्थन हासिल करने के लिए जुलाई 17 तारीख को देश के सभी विपक्षी दलों को एक चेतावनी पत्र भेजेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसान नेता गुरनाम सिंह चारुनी ने कहा, हम विपक्षी सांसदों से भी कहेंगे की वो सदन के अंदर हर दिन इस मुद्दे को उठाए, जबकि कानून के विरोध में हम बाहर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष से कहेंगे की वो केंद्र को वॉक आफट करने का लाभ ना दें। हम सेशन को तबतक नहीं रुकने देंगे जबतक सरकार इस मुद्दे को संबोधित नहीं करती है।

संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। चारुनी ने कहा, 'जब तक वे हमारी मांगें नहीं सुनते, हम संसद के बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन करेंगे।' उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान संघ के पांच लोगों को विरोध में शामिल होने के लिए ले जाया जाएगा। एसकेएम ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ 8 जुलाई को देशव्यापी विरोध का भी आह्वान किया।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि 8 जुलाई को राज्य और नेशनल हाईवेज पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने अपने वाहन पार्क करें। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बात बी ख्याल रखा जाए कि इससे ट्रैफिक जाम ना हो। उन्होंने अपने विरोध प्रदर्शन में एलपीजी सिलेंडर लाने की भी मांग की है। वहीं पंजाब यूनियनों द्वारा यह भी घोषणा की गई कि राज्य में बिजली की आपूर्ति के संबंध में स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है, इसलिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के 'मोती महल' के घेराव के पूर्व घोषित कार्यक्रम को अभी स्थगित कर दिया गया है।

## थल सेना प्रमुख युनाइटेड किंगडम और इटली की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल एम. एम. नरवणे दिनांक 05 से 08 जुलाई 2021 तक यूनाइटेड किंगडम और इटली की यात्रा पर रवाना हुए हैं। चार दिवसीय यात्रा के दौरान वह भारत से रक्षा सहयोग बढ़ाने के मकसद से इन देशों के अपने समकक्षों और वरिष्ठ सैन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे।

यूनाइटेड किंगडम की यात्रा दो दिन (05 और 06 जुलाई 2021) के लिए निर्धारित है, जिसके दौरान सेना प्रमुख वहां के रक्षा सचिव, रक्षा प्रमुख, चीफ ऑफ जनरल स्टाफ एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत करेंगे। वह सेना के विभिन्न फॉर्मेशन्स का भी दौरा करेंगे जहां वह आपसी हित के मुद्दों पर वैचारिक आदान-प्रदान करेंगे।

अपने दौरे के दूसरे चरण (दिनांक 07 और 08 जुलाई, 2021) के दौरान सेना प्रमुख इटली के रक्षा प्रमुख यानी सीडीएस और सेना के चीफ ऑफ स्टाफ के साथ महत्वपूर्ण विचार-विमर्श करेंगे। इसके अतिरिक्त सेना प्रमुख प्रसिद्ध शहर कैसिनोमें भारतीय सेना के स्मारक का भी उद्घाटन करेंगे और रोम के सेचिंगोला में इतालवी सेना के काउंटर आईईडी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उन्हें जानकारी प्रदान की जाएगी।

## आयुर्वेदिक क्लीनिकल ट्रायल अब आयुर्वेद की शब्दावली में बने सीटीआरआई पोर्टल का हिस्सा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों हो रहे चिकित्सीय परीक्षण या क्लीनिकल ट्रायल को अब विश्व व्यापी पहचान मिलने की राह और मजबूत हो गई है। आयुर्वेद के तहत किए जा रहे चिकित्सीय परीक्षणों को क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री-इंडिया में आयुर्वेद की शब्दावली में ही शामिल किए जाने से यह संभव हो पाया है। सीटीआरआई पोर्टल में इस आयुर्वेद अंश को शामिल करने का लोकार्पण सोमवार को आयुष मंत्री किरेन रिजिजू के हाथों होगा। ध्यान रहे कि इस काम को अंजाम देने में आईसीएमआर का विशेष सहयोग रहा है। इसके साथ ही केन्द्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित चार अन्य पोर्टलों का भी लोकार्पण आयुष मंत्री करेंगे।

उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार मानवों पर दवा, उपचार आदि का किसी भी तरह का क्लीनिकल ट्रायल सार्वजनिक रूप की किसी भी रजिस्ट्री में दर्ज किया जाना जरूरी है और भारत में यह काम विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से प्रमाणित सीटीआर-इंडिया पोर्टल पर किया जा रहा है।

ऐसा नहीं है कि आयुर्वेद में अभी तक क्लीनिकल ट्रायल नहीं हो रहे थे। आयुर्वेद में क्लीनिकल ट्रायल लगातार हो रहे हैं। आयुर्वेद की अपनी चिकित्या पद्धति है और उसमें चिकित्सीय परीक्षण की अपनी शब्दावली है। यह शब्दावली अभी तक सीटीआरआई का हिस्सा नहीं बन पाई थी। इस वजह से आयुर्वेद में क्लीनिकल ट्रायल करने वालों को अनुवाद और ऐलोपैथी की चिकित्सीय शब्दावली का सहारा लेना पड़ता था।

अब भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान सांख्यिकी संस्थान ने सीटीआरआई पोर्टल में आयुर्वेद की चिकित्सीय शब्दावाली को शामिल कर लिया है। इसके लिए आयुष मंत्रालय की ओर से पूर्व में विकसित किए गए नमस्ते, (एनएएमएएसटीई) पोर्टल का सहारा लिया गया। इस पोर्टल में आयुष मंत्रालय की ओर से आर्युवेद शास्त्र में दर्ज रोगों को इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन आफ डिजीज के मानकों के हिसाब से कोड कर दर्ज किया गया है।

सीटीआरआई रजिस्ट्री में नमस्ते पोर्टल से 3866 कोड इस तरह के लिए गए हैं। मतलब यह कि आयुर्वेद के तहत क्लीनिकल ट्रायल में अब ट्रायल की जानकारी, परिणाम आदि की जानकारी आयुर्वेद की शब्दावली में ही उपलब्ध हो सकेगी।

**क्या होते हैं क्लीनिकल ट्रायल–** किसी भी दवा, उपचार आदि को सार्वजनिक रूप से लोगों को उपलब्ध कराने से पहले यह देखा जाना जरूरी होता है कि दवा, उपचार आदि का मानव पर प्रभाव क्या है। इसका परीक्षण खुद को प्रस्तुत करने वालों पर वैज्ञानिक तरीके से किया जाता है। यह ठीक ऐसे ही है जैसे की कोविड की वैक्सीन को बाजार में उतारने से पहले कुछ लोगों से आग्रह किया गया था कि वे वैक्सीन लगाकर देखें। इन लोगों को विशेषज्ञों की निगरानी में यह टीका लगाया गया था और टीके के आशाजनक परिणाम सामने आने पर अन्य लोगों के लिए टीका उपलब्ध कराया गया।

**क्यों जरूरी है क्लीनिकल रजिस्ट्री–** दुनिया में नई दवा की खोज, रोगों के इलाज आदि के लिए क्लीनिकल ट्रायल लगातार किए जा रहे हैं।परेशानी यह है कि इन परीक्षणों के परिणाम सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हो पाते और इस कारण ट्रायल की सही जानकारी उपलब्ध न होने की आशंका बनी रहती है। इसी को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने क्लीनिकल ट्रायल की ऑनलाइन रजिस्ट्री बनाना अनिवार्य किया। भारत में यह काम सीटीआरआई के माध्यम से किया जा रहा है और यह रजिस्ट्री विश्व स्वास्थ्य संगठन की रजिस्ट्री का भी हिस्सा है।